**मिथिला मोटर्स मुजफ्फरपुर**

657. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव: क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मिथिला मोटर्स, मुजफ्फरपुर (बिहार) ने कम्पनी अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन किया है तथा इस प्रयोजन के लिए निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करते हुए उत्पादन जारी रखा है; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार कम्पनी के विरुद्ध क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है?

**विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद):** (क) मैसर्स मिथिला मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 159 और 220 के अन्तर्गत कुछ विलम्ब से वर्ष 1980 से 1982 तक की वार्षिक रिपोर्टें और तुलन-पत्र प्रस्तुत किये थे तथा उक्त दस्तावेज कम्पनी रजिस्ट्रार ने अतिरिक्त शुल्क लगाकर अपने रिकार्ड में लेखबद्ध कर दिये है। 31-3-1983 तक का कम्पनी ने तुलन-पत्र प्रस्तुत नहीं किया है तथा कम्पनी रजिस्ट्रार, पटना ने अवहेलना नोटिस जारी कर दिया है। कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत कम्पनी द्वारा प्रस्तुत सार्वधिक दस्तावेज के अनुसार, यह प्रतीत होता है कि कम्पनी उत्पादन कार्य नहीं कर रही है।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

**मध्य प्रदेश के लिये दूरदर्शन विस्तार कार्यक्रम**

658. **श्री प्यारे लाल खण्डेलवाल : क्या सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या, 1983-84 के वर्ष के दौरान मध्य प्रदेश में दूरदर्शन विस्तार कार्यक्रम की कोई योजना है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इस योजना में कौन-कौन से शहर सम्मिलित किये जायेंगे ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में तथा संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) :** (क) मध्य प्रदेश में दूरदर्शन के विस्तार के कार्यक्रम को चालू योजना अवधि के अन्त तक कार्यान्वित किया जाना है।

(ख) भोपाल और इन्दौर में अल्प शक्ति वाले मौजूदा ट्रांसमीटरों के स्थान पर उच्च शक्ति वाले दो दूरदर्शन ट्रांसमीटरों तथा जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, सागर, बुरहनपुर, रीवा, मुरवाडा, बिलासपुर कोरबा और सिंगरौली में अल्प शक्ति वाले दूरदर्शन ट्रांसमीटरों के चालू योजना अवधि के अन्त तक चालू हो जाने की उम्मीद है।

**T.V. Stations for different regions in Andhra Pradesh**

659. SHRI B. SATYANARAYAN REDDY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to have TV stations in different regions of Andhra Pradesh;

(b) if so, what would be the strength of each station and whether there is any proposal to locate at least one powerful transmitter in each of these regions of the State;

(c) whether any representation has been made for starting a commercial broadcasting centre at Cuddapah irrespective of the financial gain;

(d) if so, what steps the Central Government are taking in this matter;